भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

10.07.2019 के

अतारांकित प्रश्न सं. 2750 का उत्तर

फ्लेक्सी किराया प्रणाली के शुरू किए जाने के बाद रिक्त सीटें

2750. श्री बालूभाऊ उर्फ सुरेश नारायण धानोरकरः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या फ्लेक्सी किराया प्रणाली के कार्यान्वयन के बाद राजधानी, शताब्दी और दूरंतो ट्रेनों में अधिकांश सीटें खाली रह जाती हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं; और

(ग) क्या सरकार फ्लेक्सी किराया प्रणाली की पुनरीक्षा करने पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) से (ग) : एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

फ्लेक्सी किराया प्रणाली के शुरू किए जाने के बाद रिक्त सीटों के संबंध में 10.07.2019 को लोक सभा में श्री बालूभाऊ उर्फ सुरेश नारायण धानोरकर के अतारांकित प्रश्न सं. 2750 के भाग (क) से (ग) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) और (ख) : भारतीय रेलवे पर यात्री यातायात एक समान नहीं होता है। यह गैर-व्यस्त और व्यस्त अवधि के दौरान अलग-अलग होता है और यह गैर-व्यस्त और व्यस्त अवधि भी देश के सभी भागों में एक समान नहीं होती है। इसके अलावा, कम ठहराव वाली प्रचलित तथा सुविधाजनक समय पर चलने वाली गाड़ियां सामान्यत: काफी लोकप्रिय होती हैं और इनमें लगभग पूरे वर्ष प्रतीक्षा सूची बनी रहती है। बहरहाल, जिन गाड़ियों में ये विशेषताएं नहीं होती हैं उन गाड़ियों का यात्रियों द्वारा चयन केवल दूसरे विकल्प के रूप में यात्रा करने के लिए किया जाता है और इसलिए, ये पूरी तरह लोकप्रिय नहीं होती हैं। तदनुसार, राजधानी/शताब्दी/दुरांतो एक्सप्रेस गाड़ियों की अधिभोगिता भी अलग-अलग होती है। बहरहाल, वित्त वर्ष 2018-19 के दौरान राजधानी, शताब्दी और दुरांतो एक्सप्रेस गाड़ियों की समग्र अधिभोगिता क्रमश: लगभग 98%, 76% और 94% रही है। राजधानी, शताब्दी और दुरांतो एक्सप्रेस गाड़ियों के लिए चालू वर्ष 2019-20 (मई तक) के दौरान तदनुरूपी आंकड़े क्रमश: लगभग 110%, 83% और 105% रही है।

इसके अलावा, राजधानी, शताब्दी और दुरांतो एक्सप्रेस गाड़ियों सहित सभी गाड़ियों की अधिभोगिता को सुधारने के लिए किराया योजनाओं में निम्नलिखित छूट/रियायत दी गई है :-

i. राजधानी, शताब्दी और दुरांतो एक्सप्रेस गाड़ियों सहित सभी गाड़ियों में प्रथम आरक्षण चार्ट तैयार हो जाने के बाद बुक की गई खाली बर्थों/सीटों पर मूल किराए मे 10% की छूट दी जाती है।

ii. 12007/12008 चेन्नै सेंट्रल-मैसूर शताब्दी एक्सप्रेस में बेंगेलुरू सिटी-मैसूर और मैसूर-बैंगलुरू सिटी खंड के यात्रियों के लिए और 12042 न्यू जलपाइगुड़ी-हावड़ा शताब्दी एक्सप्रेस में न्यू जलपाइगुड़ी-मालदा टाउन के यात्रियों के लिए रियायती किराया की पेशकश की गई है।

(ग): विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त फीडबैक के आधार पर फ्लेक्सी किराया योजना की समीक्षा करने के लिए एक समिति का गठन किया गया था। इसके अलावा, समिति की सिफारिशों के आधार पर इस मामले की जांच की गई है और 15.03.2019 से प्रायोजित आधार पर फ्लैक्सी किराया योजना को निम्नानुसार युक्तिसंगत बनाया गया है:-

(i) फ्लैक्सी किराया योजना को (राजधानी, शताब्दी और दूरंतो गाड़ियों) 15 गाड़ियों से पूरी तरह और 32 गाड़ियों से 3 महीनों (फरवरी, मार्च और अगस्त) की पूर्व निर्धारित कम व्यस्त अवधि के दौरान समाप्त किया गया है। इनमें से पूर्व निर्धारित कम व्यस्त अवधि के दौरान 5 राजधानी गाड़ियों से फ्लैक्सी किराए को वापस ले लिया गया है।

(ii) सभी फ्लैक्सी किराया वाली श्रेणियों में लागू फ्लैक्सी किराया योजना की अधिकतम सीमा को पूर्व में 1.5 गुणा से घटाकर 1.4 गुणा तक कर दिया गया है।

(iii) राजधानी गाड़ियों सहित फ्लैक्सी किराए वाली गाड़ियां, जिनमें गाड़ी के निर्धारित प्रस्थान से 4 दिन पहले श्रेणी-वार अधिभोगिता 60% से कम होती है, में निम्नानुसार ग्रेड-वार छूट दी गई है:-

अधिभोगिता	छूट
70%	पिछले किराए पर 20%
70% से 80%	पिछले किराए पर 10%
80% से अधिक	कोई नहीं

******